**Subject : General Hindi**

Itemcode : **GH1001**

**Q1:** हिन्दी वर्णमाला में कितने स्वर हैं ?

**A** दस

**B** ग्यारह

**C** तेरह

**D** बारह

Itemcode : **GH1002**

**Q2:** हिन्दी वर्णमाला में संयुक्त स्वर कितने हैं ?

**A** तीन

**B** पाँच

**C** चार

**D** छः

Itemcode : **GH1003**

**Q3:** हिन्दी वर्णमाला में मुख्य (मूल) स्वर कितने हैं ?

**A** चार

**B** सात

**C** छः

**D** पाँच

Itemcode : **GH1004**

**Q4:** इनमें से कौन सा स्वर दीर्घ है ?

**A** इ

**B** उ

**C** ऋ

**D** आ

Itemcode : **GH1005**

**Q5:** इनमें से कौन से स्वर परस्पर सवर्ण (सजातीय) हैं ?

**A** अ-इ

**B** ओ-औ

उ-ऊ

**D** ए-ऐ

Itemcode : **GH1006**

**Q6:** हिन्दी वर्णमाला में 'स्पर्श व्यंजन' कितने हैं ?

**A** 25

**B** 10

**C** 20

**D** 15

Itemcode : **GH1007**

**Q7:** उच्चारण की दृष्टि से कौन सा वर्ण 'तालव्य' है ?

**A** ट

**B** ज

**C** क

**D** व

Itemcode : **GH1008**

**Q8:** इनमें से कौन सा वर्ण 'मूर्धन्य' नहीं है ?

**A** ऋ

**B** ई

**C** ण

**D** ठ

Itemcode : **GH1009**

**Q9:** इनमें से कौन सा वर्ण 'अल्पप्राण' नहीं है ?

**A** स

**B** द

**C** ड

**D** झ

Itemcode : **GH1010**

**Q10:** हिन्दी वर्णमाला का 'ग्यारहवाँ' व्यंजन कौन सा है ?

**A** ढ

**B** ठ

**C** ट

**D** ञ

Itemcode : **GH1011**

**Q11:** इनमें 'नासिक्य' व्यंजन कौन सा है ?

**A** म

**B** प

**C** य

**D** ड़

Itemcode : **GH1012**

**Q12:** इनमें 'उत्क्षिप्त' व्यंजन कौन सा है ?

**A** ल

**B** ड़

**C** र

**D** फ

Itemcode : **GH1013**

**Q13:** इनमें से कौन सा कथन गलत है ?

**A** 'ऋ' का उच्चारण स्थान मूर्धा है ।

**B** 'य' और 'व' को अर्धस्वर भी कहते हैं ।

**C** स्वरों के उच्चारण में किसी अन्य वर्ण की सहायता नहीं ली जाती ।

**D** व्यंजन वर्णों के उच्चारण में स्वरों के उच्चारण से दुगुना समय लगता है

Itemcode : **GH1014**

**Q14:** इनमें से कौन सा कथन सही है ?

**A** मात्राओं का स्वर से कोई संबंध नहीं है ।

**B** उच्चारण की दृष्टि से 'उ-ऊ' ओष्ठ्य माने गये हैं ।

**C** समस्त स्वर महाप्राण होते हैं ।

**D** विसर्ग (:) की गणना नासिक्य वर्णों में की जाती है ।

Itemcode : **GH1015**

**Q15:** इनमें से कौन सा वर्ण 'कंठ्य' नहीं है ?

**A** ख

**B** ह

**C** इ

**D** आ

Itemcode : **GH1016**
**Q16:** 'गवाक्ष' शब्द का सही संधि-विच्छेद होगा :

**A** गव + अक्ष

**B** गौ + अक्ष

**C** गो + अक्ष

**D** गवा + अक्ष

Itemcode : **GH1017**
**Q17:** इनमें कौन सा संधि-विच्छेद् गलत है ?

**A** संस्कृत = सम् + कृत

**B** तद्धित = तत् + धित

**C** नीरस = नि: + रस

**D** अनेक = अन् + एक

Itemcode : **GH1018**
**Q18:** इनमें कौन सा संधि शब्द सही है ?

**A** एक + एक = एकेक

**B** रवि + इन्द्र = रविन्द्र

**C** अति + अधिक = अत्याधिक

**D** वर्षा + ऋतु = वर्षर्तु

Itemcode : **GH1019**
**Q19:** इनमें कौन सा संधि शब्द सही है ?

**A** दिक् + मंडल = दिग्मंडल

**B** अन् + ऋत = अनृत

**C** मातृ + इच्छा = मातृच्छा

**D** देवी + अवतरण = देव्यावतरण

Itemcode : **GH1020**
**Q20:** इनमें से किस शब्द में तत्पुरुष समास नहीं है ?

**A** मुखकमल

**B** गंगाजल

**C** कार्यकुशल

**D** राष्ट्रपति

Itemcode : **GH1021**

**Q21:** किस शब्द में करण तत्पुरुष समास है ?

**A** जीवनमुक्त

**B** पथभ्रष्ट

**C** रोगग्रस्त

**D** स्वर्गपतित

Itemcode : **GH1022**

**Q22:** किस शब्द में अव्ययीभाव समास है ?

**A** यथाविधि

**B** प्रजापति

**C** शुद्धजल

**D** वनवास

Itemcode : **GH1023**

**Q23:** किस शब्द में बहुव्रीहि समास नहीं है ?

**A** चक्रपाणि

**B** चतुर्भुज

**C** पंचानन

**D** पंचपात्र

Itemcode : **GH1024**

**Q24:** किस शब्द में द्वन्द्व समास नहीं है ?

**A** मातापिता

**B** परमपिता

**C** भलाबुरा

**D** दालरोटी

Itemcode : **GH1025**

**Q25:** इनमें से किस शब्द में 'अन्' उपसर्ग है ?

**A** अनामिका

**B** अनिन्द्य

**C** अनंतर

**D** अनित्य

Itemcode : **GH1026**

**Q26:** किस शब्द में उपसर्ग नहीं है ?

**A** लालच

**B** बेशक

**C** लाचार

**D** बनाम

Itemcode : **GH1027**

**Q27:** किस शब्द में 'परा' उपसर्ग नहीं है ?

**A** पराक्रम

**B** पराश्रित

**C** पराभव

**D** पराजित

Itemcode : **GH1028**

**Q28:** किस शब्द में उपसर्ग नहीं है ?

**A** विकट

**B** संकट

**C** प्रकट

**D** कटक

Itemcode : **GH1029**

**Q29:** किस शब्द में 'अनु' उपसर्ग नहीं है ?

**A** अन्वित

**B** अन्वेषण

**C** अनुवाद

**D** अनुचित

Itemcode : **GH1030**

**Q30:** किस शब्द में 'वि' उपसर्ग नहीं है ?

**A** विकल्प

**B** विकास

**C** विदित

**D** वितान

Itemcode : **GH1031**

**Q31:** इनमें से किस शब्द में 'नि' उपसर्ग है ?

**A** निरूपण

**B** निरापद

**C** निरीह

**D** निरामिष

Itemcode : **GH1032**

**Q32:** किस शब्द में 'अव' उपसर्ग नहीं है ?

**A** अवसर

**B** अवश्य

**C** अवधि

**D** अवनति

Itemcode : **GH1033**

**Q33:** किस शब्द में 'इन्दा' प्रत्यय नहीं है ?

**A** परिन्दा

**B** शर्मिन्दा

**C** गोविन्दा

**D** कारिन्दा

Itemcode : **GH1034**

**Q34:** किस शब्द में 'ईन' प्रत्यय नहीं है ?

**A** विलीन

**B** रंगीन

**C** शौकीन

**D** नमकीन

Itemcode : **GH1035**

**Q35:** किस शब्द में 'गार' प्रत्यय है ?

**A** सभागार

**B** कारागार

**C** स्नानागार

**D** यादगार

Itemcode : **GH1036**

**Q36:** किस शब्द में 'इष्ठ' प्रत्यय नहीं है ?

**A** गरिष्ठ

**B** घनिष्ठ

**C** धर्मनिष्ठ

**D** कनिष्ठ

Itemcode : **GH1037**

**Q37:** किस शब्द में 'वर' प्रत्यय नहीं है ?

**A** ताकतवर

**B** मान्यवर

**C** जोरावर

**D** कद्दावर

Itemcode : **GH1038**

**Q38:** किस शब्द में 'इल' प्रत्यय नहीं है ?

**A** स्नेहिल

**B** धूमिल

**C** रोमिल

**D** दुर्मिल

Itemcode : **GH1039**

**Q39:** किस शब्द में 'इत' प्रत्यय नहीं है ?

**A** अमित

**B** फलित

**C** पुष्पित

**D** कंटकित

Itemcode : **GH1040**

**Q40:** किस शब्द में 'नाक' प्रत्यय नहीं है ?

**A** मैनाक

**B** दर्दनाक

**C** खतरनाक

**D** शर्मनाक

Itemcode : **GH1041**

**Q41:** इनमें कौन सा शब्द 'तत्सम' है ?

**A** माथा

**B** गाथा

**C** हाथ

**D** साथ

Itemcode : **GH1042**

**Q42:** इनमें कौन सा शब्द 'तत्सम' नहीं है ?

**A** पुस्तक

**B** ग्राहक

**C** निकट

**D** प्रगट

Itemcode : **GH1043**

**Q43:** इनमें कौन सा शब्द 'तद्भव' है ?

**A** अथवा

**B** बहुधा

**C** दुविधा

**D** सुविधा

Itemcode : **GH1044**

**Q44:** कौन सा शब्द 'तद्भव' नहीं है ?

**A** संजोग

**B** लाज

**C** पंछी

**D** छाया

Itemcode : **GH1045**

**Q45:** इनमें कौन सा शब्द 'देशज' है ?

**A** बहू

**B** दही

**C** आज

**D** पगड़ी

Itemcode : **GH1046**

**Q46:** इनमें कौन सा शब्द 'विदेशी' है ?

**A** स्कूल

**B** छात्र

**C** शिक्षक

**D** उपस्थित

Itemcode : **GH1047**

**Q47:** कौन सा शब्द 'विदेशी' नहीं है ?

**A** प्रवेश

**B** फीस

**C** कूपन

**D** टिकट

Itemcode : **GH1048**

**Q48:** इनमें कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा है ?

**A** पेड़

**B** पुस्तक

**C** पढ़ाई

**D** रजाई

Itemcode : **GH1049**

**Q49:** कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है ?

**A** स्नेह

**B** घृणा

**C** नित्य

**D** सत्य

Itemcode : **GH1050**

**Q50:** कौन सा शब्द जातिवाचक संज्ञा है ?

**A** हिमालय

**B** गंगा

**C** पवित्रता

**D** नदी

Itemcode : **GH1051**

**Q51:** इनमें विशेषण से बना संज्ञा शब्द कौन सा है ?

**A** ममता

**B** सुन्दरता

**C** बालपन

**D** लड़कपन

Itemcode : **GH1052**

**Q52:** इनमें विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा कौन सी है ?

**A** मातृत्व

**B** शिशुता

**C** छुटपन

**D** बचपन

Itemcode : **GH1053**

**Q53:** इनमें सर्वनाम से बनी भाववाचक संज्ञा कौन सी है ?

**A** अपनापन

**B** परायापन

**C** नैतिकता

**D** समता

Itemcode : **GH1054**

**Q54:** इनमें कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा से बना विशेषण नहीं है ?

**A** व्यावहारिक

**B** नैतिक

**C** आध्यात्मिक

**D** प्राथमिक

Itemcode : **GH1055**

**Q55:** इनमें जातिवाचक संज्ञा से बनी भाववाचक संज्ञा कौन सी है ?

**A** लघुता

B नम्रता

C भ्रातृत्व

D महत्त्व

Itemcode : **GH1056**

**Q56:** इनमें से कौन सा शब्द विशेषण नहीं है ?

A भाईचारा

B थकाहारा

C बेसहारा

D बेचारा

Itemcode : **GH1057**

**Q57:** इनमें से कौन सा शब्द जातिवाचक संज्ञा से बनी भाववाचक संज्ञा नहीं है ?

A मजदूरी

B खुशहाली

C दलाली

D चोरी

Itemcode : **GH1058**

**Q58:** इनमें क्रिया विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा कौन सी है ?

A वीरता

B शीघ्रता

C विविधता

D एकता

Itemcode : **GH1059**

**Q59:** इनमें से कौन सा शब्द क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा नहीं है ?

A धुलाई

B धुनाई

C पिटाई

D सफाई

Itemcode : **GH1060**

**Q60:** व्याकरण की दृष्टि से कौन सा कथन गलत है ?

A

वाक्य में प्रयुक्त सभी शब्द पद कहलाते हैं ।

**B** अविकारी शब्दों को अव्यय भी कहते हैं ।

**C** क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया विशेषण कहलाते हैं ।

**D** सभी क्रिया पद अव्यय होते हैं ।

Itemcode : **GH1061**

**Q61:** इनमें से किस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' का प्रयोग किया गया है ?

**A** मजदूर गहरी नींद में सो रहा है ।

**B** किसान फसल काट रहा है ।

**C** बालक दूध पी रहा है ।

**D** बच्चे पतंग उड़ा रहे हैं ।

Itemcode : **GH1062**

**Q62:** इनमें से किस वाक्य में 'सकर्मक क्रिया' नहीं है ?

**A** अशोक पत्र लिख रहा था।

**B** महिलाएँ गीत गा रही हैं।

**C** बालक रो रहा है।

**D** छात्र पढ़ रहा है।

Itemcode : **GH1063**

**Q63:** किस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' नहीं है ?

**A** पक्षी आकाश में उड़ रहे हैं ।

**B** सभी कर्मचारी अपना-अपना काम कर रहे हैं।

**C** बालक जमीन पर बैठा है ।

**D** हरीश गाँव गया है ।

Itemcode : **GH1064**

**Q64:** किस वाक्य में 'अकर्मक' क्रिया है ?

**A** मोहन थक कर सो गया था।

**B** विदूषक सबको हँसा रहा था।

**C** माँ बच्चे को सुला रही है।

**D** ठेकेदार मजदूरों से काम करवा रहा है।

Itemcode : **GH1065**

**Q65:** इनमें से किस 'वाक्यांश' में करण कारक (परसर्ग) का प्रयोग किया गया है ?

**A** हिन्दुओं का

**B** अदर्श ग्रन्थ

**C** तुलसीकृत

**D** रामचरितमानस है।

Itemcode : **GH1066**

**Q66:** इनमें से किस 'वाक्यांश' में कर्म कारक है ?

**A** सड़क पर

**B** बहुत से लोग

**C** उत्सुकता के साथ

**D** तमाशा देख रहे हैं।

Itemcode : **GH1067**

**Q67:** किस 'वाक्यांश' में अधिकरण कारक है।

**A** बाग में

**B** कुछ लोग

**C** धीरे - धीरे

**D** टहल रहे हैं।

Itemcode : **GH1068**

**Q68:** किस 'वाक्यांश' में अपादान कारक है ?

**A** चोरी करने के कारण

**B** उसने

**C** नौकर को

**D** घर से निकाल दिया ।

Itemcode : **GH1069**

**Q69:** किस 'वाक्यांश' में सम्प्रदान कारक है ?

**A** मैं

**B** आपको

**C** इस कृपा के लिए

**D** हृदय से धन्यवाद देता हूँ।

Itemcode : **GH1070**

**Q70:** किस 'वाक्यांश' में संबंध कारक है ?

**A** पुस्तकालय में

**B** राम की एक पुस्तक

**C** बहुत समय से

**D** सुरक्षित रखी है ।

Itemcode : **GH1071**

**Q71:** किस 'वाक्यांश' में 'मध्यमपुरुष' का प्रयोग है ?

**A** मैंने

**B** आपसे कहा था कि

**C** वे लोग

**D** अपने - अपने घर चले गये।

Itemcode : **GH1072**

**Q72:** इनमें से कौन सा शब्द पुल्लिंग का सूचक है।

**A** पानी

**B** नदी

**C** मिट्टी

**D** टोपी

Itemcode : **GH1073**

**Q73:** इनमें से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग का सूचक है ?

**A** हलवाई

**B** ईसाई

**C** कसाई

**D** सफाई

Itemcode : **GH1074**

**Q74:** इनमें से किस वाक्य में पूर्वकालिक क्रिया का प्रयोग किया गया है ?

**A** झूठ बोलने से बचो।

**B** मजदूर काम पर गया।

**C** खाना खाकर काम पर जाओ।

**D** रोज घूमने जाओ।

Itemcode : **GH1075**

**Q75:** किस वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया है ?

**A** सूखे पत्ते हवा में उड़ रहे हैं।

**B** सोहन तैरना जानता है।

**C** पानी के बिना फसल सूख रही है ।

**D** मालिक नौकर से सफाई करवा रहा है ।

Itemcode : **GH1076**

**Q76:** इनमें से किस वाक्य में क्रिया का 'कर्मवाच्य' रूप है ?

**A** वह कार चला रहा है।

**B** बच्चों द्वारा शोर मचाया जा रहा है।

**C** मित्र हमेशा विपत्तिा में साथ देते हैं।

**D** अच्छे लोग किसी का बुरा नहीं करते।

Itemcode : **GH1077**

**Q77:** किस वाक्य में 'कर्तृवाच्य' है ?

**A** मोहन द्वारा नाटक खेला गया।

**B** उससे खाना नहीं खाया गया।

**C** हरीश द्वारा पत्रवाचन किया गया।

**D** अम्मा खाना बना रही थी।

Itemcode : **GH1078**

**Q78:** किस वाक्य में क्रिया का 'भाववाच्य' रूप है ?

**A** दर्द के कारण उससे सोया नहीं गया।

**B** बच्चे शांत नहीं रह सकते।

**C** वह अच्छी तरह से देख नहीं सकता।

**D** हम लोग रोज नहाते हैं।

Itemcode : **GH1079**

**Q79:** इनमें से कौन सा वाक्य 'भाववाच्य' से संबंधित नहीं है ?

**A** बच्चे से रोया नहीं गया।

**B** उससे चला नहीं जाता।

**C** मोहन से उठा नहीं गया।

**D** मैं पत्र नहीं पढ़ सका।

Itemcode : **GH1080**

**Q80:** किस वाक्य में 'कर्मवाच्य' नहीं है ?

**A** कमला द्वारा पत्र लिखा गया।

**B** भारत तेजी से विकास कर रहा है।

**C** बालक द्वारा पतंग उड़ाई गई।

**D** उससे पुस्तक पढ़ी नहीं गई।

Itemcode : **GH1081**
**Q81:** इनमें से कौन सा शब्द पुत्री का पर्यायवाची नहीं है ?

**A** तनया

**B** आत्मजा

**C** तनुजा

**D** अनुजा

Itemcode : **GH1082**
**Q82:** इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर समानार्थी नहीं हैं ?

**A** रश्मि , अंशु , मयूख , कर

**B** धनुष , कोदंड , शर , चाप

**C** जलज , पंकज , पाथोज , अंभोज

**D** नभ , अम्बर , व्योम , गगन

Itemcode : **GH1083**
**Q83:** किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर समानार्थी हैं ?

**A** मयूर , केकी , कलकंठ , शिखी

**B** मूढ़ , जड़ , मूर्ख , अभिज्ञ

**C** व्याल , पन्नग , उरग , भुजंग

**D** अग्नि , हुताशन , अनिल , कृशानु

Itemcode : **GH1084**
**Q84:** इनमें से कौन सा विलोम - शब्द युग्म नहीं है ?

**A** अमल - विमल

**B** शिष्ट - अशिष्ट

**C** हानि - लाभ

**D** अच्छा - बुरा

Itemcode : **GH1085**
**Q85:** इनमें से कौन सा विलोम शब्द युग्म है ?

**A** शांत - प्रशांत

**B** स्वीकार - अंगीकार

**C** नाश - विनाश

**D** नत - विनत

Itemcode : **GH1086**

**Q86:** कौन सा विलोम - शब्द युग्म सही नहीं है ?

**A** उचित - अनुचित

**B** संपत्ति – विपत्ति

**C** संयोग - वियोग

**D** खंडन - विखंडन

Itemcode : **GH1087**

**Q87:** कौन सा विलोम शब्द युग्म सही है ?

**A** आवास - निवास

**B** नीरस - सरस

**C** इष्ट - अभीष्ट

**D** अल्प - स्वल्प

Itemcode : **GH1088**

**Q88:** कौन सा विलोम शब्द युग्म सही है ?

**A** घात - आघात

**B** उन्मुख - सम्मुख

**C** प्रत्यक्ष - अपरोक्ष

**D** पक्ष - प्रतिपक्ष

Itemcode : **GH1089**

**Q89:** कौना सा विलोमशब्द युग्म गलत है ?

**A** दयालु - निर्दय

**B** अग्रज - अनुज

**C** असीम - निस्सीम

**D** प्रवृत्ति – निवृत्ति

Itemcode : **GH1090**

'अनल - अनिल' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है ?

**A** वायु - अग्नि

**B** अग्नि - वायु

**C** जल - वायु

**D** वायु - जल

Itemcode : **GH1091**

**Q91:** इनमें से किस शब्द युग्म का अर्थ सही नहीं है?

**A** अजर - अजिर = आँगन - देवता

**B** दिन - दीन = दिवस - गरीब

**C** क्रम - कर्म = सिलसिला - कार्य

**D** द्विप - द्वीप = हाथी - टापू

Itemcode : **GH1092**

**Q92:** 'आभरण - आमरण' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है ?

**A** भरणपोषण - अनशन

**B** आभूषण - अनशन

**C** जीवन पर्यन्त - आभूषण

**D** आभूषण - मरण पर्यन्त

Itemcode : **GH1093**

**Q93:** किस शब्द युग्म का अर्थ सही नहीं है ?

**A** गृह - ग्रह = घर-आकाशीय पिण्ड (शनि, मंगल आदि)

**B** श्वेत - स्वेद = सफेद - पसीना

**C** जलज - जलद = कमल - बादल

**D** अवधि - अवधी = एकभाषा - समय सीमा

Itemcode : **GH1094**

**Q94:** " माता - पिता का अपनी संतान के प्रति प्रेम " के लिए उपयुक्त शब्द होगा -

**A** अनुराग

**B** वात्सल्य

**C** श्रद्धा

**D** प्रणय

Itemcode : **GH1095**

**Q95:** " अच्छे कार्य व सेवा पर दी जाने वाली भेंट " को कहते हैं -

**A** प्रतिदान

**B** उपहार

**C** पारितोषिक

**D** पुरस्कार

Itemcode : **GH1096**

**Q96:** जिस व्यक्ति का आचरण अच्छा हो, उसे क्या कहते हैं ?

**A** संत

**B** संन्यासी

**C** सदाचारी

**D** सज्जन

Itemcode : **GH1097**

**Q97:** ऐसा रोग जो छूने से फैलता हो, उसे क्या कहते हैं ?

**A** संक्रामक रोग

**B** घातक रोग

**C** असाध्य रोग

**D** चर्म रोग

Itemcode : **GH1098**

**Q98:** जो कहने सुनने में लज्जापूर्ण या घिनौना हो उसे क्या कहते हैं ?

**A** अनुचित

**B** अश्लील

**C** आपत्तिजनक

**D** निषिद्ध

Itemcode : **GH1099**

**Q99:** जिसे इन्द्रियों से अनुभव नहीं किया जा सके, उसे क्या कहते हैं ?

**A** अव्यक्त

**B** अज्ञेय

**C** अज्ञात

**D** अतीन्द्रिय

Itemcode : **GH1100**

**Q100:** किसी विषय विशेष में अधिक जानकारी रखनेवाले को क्या कहते हैं ?

**A** विद्वान

**B** ज्ञानी

**C** विशेषज्ञ

**D** पंडित

Itemcode : **GH1101**

**Q101:** इनमें वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

**A** हितेषी

**B** दुरावस्था

**C** चिन्ह

**D** अधीन

Itemcode : **GH1102**

**Q102:** इनमें वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है :

**A** पड़ोसी

**B** दृष्टा

**C** त्योहार

**D** पत्नी

Itemcode : **GH1103**

**Q103:** वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द अशुद्ध है ?

**A** सप्ताहिक

**B** द्वारका

**C** ज्योत्स्ना

**D** वापस

Itemcode : **GH1104**

**Q104:** किस शब्द की वर्तनी सही है ?

**A** संक्षिप्तिकरण

**B** शताब्दि

**C** दंपती

**D** सम्पत्ती

Itemcode : **GH1105**

**Q105:** वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द अशुद्ध है ?

**A** उच्छिष्ट

**B** अवशिष्ट

**C** अभीष्ट

**D** स्वादिष्ट

Itemcode : **GH1106**

**Q106:** किस शब्द की वर्तनी सही है ?

**A** प्रज्ज्वलित

**B** तत्तवाधान

**C** अनुगृहीत

**D** अनाधिकृत

Itemcode : **GH1107**

**Q107:** इनमें से किस शब्द में स्वर (मात्रा)संबंधी अशुद्धि है ?

**A** विरहणी

**B** धोका

**C** भूक

**D** खीजना

Itemcode : **GH1108**

**Q108:** इनमें से किस शब्द में व्यंजन संबंधी अशुद्धि है ?

**A** तिथी

**B** गरिष्ट

**C** प्रदर्शिनी

**D** गृहणी

Itemcode : **GH1109**

**Q109:** इनमें वाक्य रचना से संबंधित कौन सा कथन सही नहीं है ?

**A** सार्थक शब्द-समूह को वाक्य कहते हैं।

**B** वाक्य में कर्ता और क्रिया का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

**C** उद्देश्य और विधेय वाक्य के अनिवार्य घटक हैं।

**D** क्रिया को उद्देश्य और कर्ता को विधेय कहते हैं।

Itemcode : **GH1110**

**Q110:** इनमें 'सरल वाक्य' कौन सा है ?

**A** उसने राम और श्याम को जाते हुए देखा।

**B** मोहन आया और खाना खाकर सो गया।

**C** जब गरमी पड़ती है, तब फसल पकती है।

**D** जब वह जायेगा, तब सोहन आयेगा।

Itemcode : **GH1111**

**Q111:** इनमें 'संयुक्त वाक्य' कौन सा है ?

**A** राम और श्याम मिल कर पढ़ते हैं।

**B** इस बार अच्छी बरसात हुई है।

**C** मैं आगे बढ़ गया और वह पीछे रह गया।

**D** कर्मचारियों का आन्दोलन तीन दिन से चल रहा है।

Itemcode : **GH1112**

**Q112:** इनमें 'मिश्र वाक्य' कौन सा है ?

**A** उसने चार दिन से खाना नहीं खाया।

**B** मैं जानता हूँ कि वह घर चला गया है।

**C** दो लड़के सामने वाले कमरे में व्याकरण की पुस्तक पढ़ रहे हैं ।

**D** चार कमरों के इस मकान में वह अकेला रहता है।

Itemcode : **GH1113**

**Q113:** इनमें 'आज्ञार्थक वाक्य' कौन सा है ?

**A** भारत एक महान देश है।

**B** वह अपना काम पूरा नहीं कर पाया।

**C** उसने सबको आमंत्रित किया होगा।

**D** आपको यह कार्य तुरंत कर लेना चाहिए।

Itemcode : **GH1114**

**Q114:** व्याकरण की दृष्टि से कौन सा वाक्य सही है ?

**A** मैं उसके घर कई बार जा आया हूँ।

**B** हमें परस्पर में सहयोग करना चाहिए।

**C** रोगी को समय पर दवा देनी चाहिए।

**D** हमें यथाशक्ति के अनुसार काम करना चाहिए।

Itemcode : **GH1115**

**Q115:** व्याकरण की दृष्टि से कौन सा वाक्य सही नहीं है ?

**A** आज युवापीढ़ी के भीतर असंतोष बढ़ रहा है।

**B** आज भी अधिकतर लोग ईश्वर पर विश्वास करते हैं।

**C** हमें वरिष्ठ नागरिकों का ध्यान रखना चाहिए।

**D** महिलाओं को समाज में उचित स्थान मिलना चाहिए।

Itemcode : **GH1116**

**Q116:** व्याकरण की दृष्टि से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

**A** मेरी कक्षा में बीस छात्र उपस्थित थे।

**B** शरत्काल के समय दिन छोटे होते हैं।

**C** इस गुप्त रहस्य को प्रकट मत करना।

**D** मैं सोमवार के दिन जयपुर जाऊँगा।

Itemcode : **GH1117**

**Q117:** व्याकरण की दृष्टि से कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?

**A** सब लोग अपनी-अपनी राय दें।

**B** किसी को गाली देना ठीक नहीं है।

**C** पकड़ी जाने पर वह औरत रोने लगी।

**D** सभा में अनेक लोग आये थे।

Itemcode : **GH1118**

**Q118:** व्याकरण की दृष्टि से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

**A** हमें समस्त प्राणिमात्र की भलाई करनी चाहिए।

**B** वह सदैव ही विलंब से आता है।

**C** विन्ध्याचल पर्वत भारत के मध्य भाग में स्थित है।

**D** यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है।

Itemcode : **GH1119**

**Q119:** 'हरीश तुम कहाँ से आ रहे हो ?' - इस वाक्य में 'हरीश' शब्द के बाद कौन सा विराम चिह्न लगेगा ?

**A** ?

**B** !

**C** |

**D** ;

Itemcode : **GH1120**

**Q120:** 'कलई खुलना' मुहावरे का भावार्थ है :

**A** बरतन की कलई उतर जाना

**B** वास्तविकता सामने आ जाना

**C** कपड़े की सिलाई खुल जाना

**D** समस्या का समाधान मिल जाना

Itemcode : **GH1121**

**Q121:** इनमें से किस मुहावरे का भावार्थ गलत है ?

**A** घर बसाना = विवाह करना

**B** टका-सा जवाब देना = साफ मना कर देना

**C** नाक का बाल होना = अत्यंत घनिष्ठ संबंध होना

**D** ढेर करना = सामान इकट्ठा करना

Itemcode : **GH1122**

**Q122:** किस मुहावरे का भावार्थ सही नहीं है ?

**A** फटेहाल होना = बहुत गरीब होना

**B** बाल की खाल निकालना = व्यर्थ में सूक्ष्म आलोचना करना

**C** पेट पर लात मारना = भयंकर चोट पहुँचाना

**D** शामत आना = बुरे दिन आना

Itemcode : **GH1123**

**Q123:** किस मुहावरे का भावार्थ गलत है ?

**A** बगलें झाँकना = इधर-उधर देखना

**B** मक्खी मारना = बेकार बैठे रहना

**C** नमक मिर्च लगाना = बढ़ा-चढ़ा कर कहना

**D** पसीने की कमाई = परिश्रम की कमाई

Itemcode : **GH1124**

**Q124:** 'Apprentice' शब्द के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द क्या होगा ?

**A** शिक्षणार्थी

**B** शिक्षु

**C** प्रशिक्षणार्थी

**D** प्रशिक्षक

Itemcode : **GH1125**

**Q125:** 'Transport Supervisor' के लिए हिन्दी पारिभाषिक शब्द क्या होगा ?

**A** परिवहन पर्यवेक्षक

**B** यातायात पर्यवेक्षक

**C** परिवहन निरीक्षक

**D** यातायात निरीक्षक

Itemcode : **GH1126**

**Q126:** इनमें से किस विकल्प में 'Preference' का सही समतुल्य शब्द नहीं है ?

**A** अधिमान

**B** अधिमान्यता

**C** तरजीह

**D** प्राथमिकता

Itemcode : **GH1127**

**Q127:** इनमें से कौन सा पारिभाषिक शब्द सही नहीं है ?

**A** Provisional = अनंतिम

**B** Attorney General = महाधिवक्ता

**C** Suburban = उपनगरीय

**D** Tribunal = अधिकरण

Itemcode : **GH1128**

**Q128:** कौन सा पारिभाषिक शब्द सही है ?

**A** Legal duty = न्यायिक कर्तव्य

**B** Juvenile Court = बाल न्यायालय

**C** Acceptability = स्वीकार्यता

**D** Reimbursement = क्षतिपूर्ति

Itemcode : **GH1129**

**Q129:** 'Deterrent Punishment' के लिए सही पारिभाषिक शब्द क्या है ?

**A** कठोर दण्ड

**B** निवारक दंड

**C** उचित दंड

**D** अनुचित दंड

Itemcode : **GH1130**

**Q130:** इनमें से किस विकल्प में 'Acknowledgement' का समतुल्य शब्द नहीं है ?

**A** अभिस्वीकृति

**B** पावती

**C** प्राप्ति सूचना

**D** प्राप्ति रसीद

Itemcode : **GH1131**

**Q131:** किस विकल्प में 'Deputation' का समतुल्य शब्द नहीं है ?

**A** अस्थायी नियुक्ति

**B** प्रतिनियुक्ति

**C** शिष्ट मंडल

**D** प्रतिनिधि मंडल

Itemcode : **GH1132**

**Q132:** इनमें से कौन सा पारिभाषिक शब्द गलत है ?

**A** Bar council = विधिज्ञ परिषद्

**B** Penal Code = दंड संहिता

**C** Judicial = विधिक

**D** Supplementary = अनुपूरक

Itemcode : **GH1133**

**Q133:** 'The discharge petition has been kept in abeyance' - इसमें discharge petition वाक्यांश का

**A** कार्यमुक्ति प्रार्थना पत्र

**B** सेवामुक्ति आवेदन

**C** उन्मोचन याचिका

**D** सेवा समाप्ति याचिका

Itemcode : **GH1134**

**Q134:** 'The Benedictory ceremony was held in the auditorium' - इसमें 'benedictory ceremony'
है :

**A** आशीर्वाद समारोह

**B** वैवाहिक उत्सव

**C** उद्घाटन कार्यक्रम

धार्मिक आयोजन

Itemcode : **GH1135**

**Q135:** इनमें से कौन सा पारिभाषिक शब्द सही है ?

**A** Qualifying Examination = योग्यता परीक्षा

**B** De facto = वस्तुत:

**C** Referendum = संदर्भ

**D** Questionable = प्रश्न करने वाला

Itemcode : **GH1136**

**Q136:** इनमें से कौन सा पारिभाषिक शब्द सही नहीं है ?

**A** Penal Law = दंड विधि

**B** Random = यादृच्छिक

**C** Postponement = स्थगन

**D** Succeeding = सफल

Itemcode : **GH1137**

**Q137:** इनमें से कौन सा पारिभाषिक शब्द गलत है ?

**A** Ambiguous = महत्त्वाकांक्षी

**B** Abolition = उन्मूलन

**C** Adjourn = स्थगित करना

**D** Legitimate = वैध

Itemcode : **GH1138**

**Q138:** विभन्न घटकों में से सरकारी पत्र में कौन सा घटक नहीं होता ?

**A** संबोधन

**B** अभिवादन

**C** स्थान का नाम

**D** दिनांक

Itemcode : **GH1139**

**Q139:** सरकारी पत्रों में सामान्यतया किस संबोधन का प्रयोग होता है ?

**A** श्रीमान्

**B** मान्यवर

**C** महोदय

**D** महाशय

Itemcode : **GH1140**

**Q140:** अर्धसरकारी पत्र के बारे में कौन सा कथन गलत है ?

**A** इसमें पानेवाले को पदनाम से संबोधित किया जाता है।

**B** ऊपर संस्था या कार्यालय के नाम , स्थान आदि का उल्लेख होता है।

**C** यथास्थान दिनांक और क्रमांक का उल्लेख होता है।

**D** ऊपर बाईं ओर प्रेषक का नाम और पदनाम लिखा जाता है।

Itemcode : **GH1141**

Passage:

**टिप्पणी : इस गद्य अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़कर , इससे संबंधित , नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**
**गद्य अवतरण**

**अगले प्रश्न के लिये नीचे स्क्रोल करे**

भारत की सांस्कृतिक परम्परा अत्यंत प्राचीन है । इस परम्परा के बीज वेदों , उपनिषदों और तत्कालीन अन्य ग्रन्थों में पाये जाते हैं । वर्षों से निरंतर चले आ रहे सैकड़ों पीढ़ियों के संस्कारों, रीतिरिवाजों तथा लोक गाथाओं एवं लोक आस्थाओं का ही समन्वित रूप है । वे पूर्व भी पुरानी कथाओं का , लोक आस्थाओं का चलन समाज में था । कालांतर में इन्हीं लोक कथाओं , लोक मान्यताओं और लोक अ पुराण ग्रंथों की रचना हुई ।

पाश्चात्य शिक्षा से प्रभावित आज का इतिहास लेखक रामायण,महाभारत से चरित काव्यों तथा विशाल पुराण साहित्य व संदिग्ध मानता है। लेकिन हमारी समृद्ध और कालजयी संस्कृति में वैदिक साहित्य के साथ-साथ रामायण,महाभारत अ साहित्य का अविस्मरणीय योगदान है।

भारतीय संस्कृति में हम धर्म और संस्कृति को संयुक्त रूप में पाते हैं । लेकिन धर्म का अर्थ यहाँ 'मजहब' या 'रिलिजन' नहीं गया है जो व्यक्ति और समाज को धारण करता है , उनका आधार है । धर्म में कर्तव्य की भावना अंतर्निहित है । धर्म व और स्मृति ग्रंथों को ही प्रमाण मानना नहीं है । धर्म को शील ,सदाचार,आत्मसंतोष और विवेक की कसौटी पर भी कसा परंपरा में इस कसौटी को प्रमुख स्थान दिया गया है । हमारी संयम प्रधान संस्कृति धर्म का ही रूप है । धर्म और संस्कृति रूप हमारी परंपरा की अमूल्य धरोहर है ।

भारतवर्ष में पहले से बसी हुई जातियों में आपस में संघर्ष होते रहे,बाद में आनेवाले हमलावर कबीलों के साथ भी संघर्ष ह आक्रमणकारी बन कर आयी और कालान्तर में यहीं बस गईं । इन सबके खान-पान,रहन-सहन ,रीति-रिवाज तथा धार्मिक अंतर रहा होगा । लेकिन इस देश की मिट्टी में,यहाँ की आबोहवा में,अवश्य कोई ऐसी बात रही कि धीरे-धीरे सबने सहिष्णुत नीति को अपना लिया । कितने ही यवन,स्वेच्छा से,बौद्ध बन गये,कइयों ने वैष्णव धर्म अपना लिया,कुछ शक ,शाकद्वीपी सीमांत पर बसी कितनी ही जातियाँ दूध और पानी की तरह घुलमिल गईं । द्रविड़ों और आर्यों में तो धार्मिक और सांस इतना अधिक हुआ कि आज उसका हिसाब करना कठिन है । उत्तर भारत ने दक्षिण के देवी -देवताओं ,पूजाविधियों तथा ध कर लिया तो दक्षिण भारत ने उत्तर के अवतारों , तीर्थों आदि पर अपनी पूरी श्रद्धा प्रकट की ।

संक्षेप में, हमारी समन्वय प्रधान सामासिक-संस्कृति के महासमुद्र में आर्य-अनार्य, हूण ,कुषाण,शक,मुगल आदि विभिन्न मिलकर एकाकार हो गये, इस कालजयी संस्कृति का अभिन्न अंग बन गये ।

Passage Hindi:

.

**Q141:** उक्त अवतरण में निम्नलिखित में से किस तत्त्व को पुराण ग्रंथों की रचना का आधार नहीं माना है ?

**A** लोकमान्यताओं

**B** लोक कथाओं

**C** धार्मिक मान्यताओं

**D** लोक आस्थाओं

Itemcode : **GH1142**

**Q142:** इस अवतरण में हमारी संयम प्रधान संस्कृति को किसका रूप माना गया है ?

**A** लोक कल्याण का

**B** विश्व बंधुत्व का

**C** क्षमा का

**D** धर्म का

Itemcode : **GH1143**

**Q143:** इस अवतरण के अनुसार कौन सा तत्त्व धर्म की कसौटी का आधार नहीं है ?

**A** सदाचार

**B** आत्मसुख

**C** शील

**D** विवेक

Itemcode : **GH1144**

**Q144:** उक्त अवतरण में 'हमारी परंपरा की अमूल्य धरोहर' किसे माना गया है ?

**A** धर्म को

**B** आस्तिकता को

**C** धर्म और संस्कृति के समन्वित रूप को

**D** संस्कृति को

Itemcode : **GH1145**

**Q145:** उक्त अवतरण के अनुसार इस देश में रहने वाली तथा बाहर से आकर बसने वाली विभिन्न जातियों ने धीरे-अपना लिया ?

**A** सहिष्णुता औरा सामंजस्य की नीति को

**B** प्रेम और भाईचारे की नीति को

**C** मानवकल्याण की नीति को

**D** धर्मनिरपेक्षता की नीति को

Itemcode : **GH1146**

**Q146:** इस अवतरण के अनुसार निम्नलिखित में से किसका हमारी समृद्ध संस्कृति में योगदान नहीं रहा ?

**A** पौराणिक साहित्य का

**B** लौकिक साहित्य का

**C** रामायण का

**D** महाभारत का

Itemcode : **GH1147**

**Q147:** भारत में रहने वाली तथा बाहर से आकर बसने वाली जातियों में किस प्रकार के अंतर का उल्लेख उक्त अव गया है ?

**A** खान-पान

**B** रहन-सहन

**C** रीति-रिवाज

**D** पूजा - पाठ

Itemcode : **GH1148**

**Q148:** उक्त अवतरण के अनुसार हमारी संस्कृति के बीज कहाँ नहीं पाये जाते हैं ?

**A** वेदों में

**B** उपनिषदों में

**C** मध्यकालीन साहित्य में

**D** तत्कालीन अन्य साहित्य में

Itemcode : **GH1149**

**Q149:** उक्त अवतरण में उत्तर भारत द्वारा दक्षिण भारत की कौन सी बात स्वीकार करने का उल्लेख नहीं है ?

**A** खान-पान

**B** पूजा-विधि

**C** देवी-देवता

**D** धर्माचार्य

Itemcode : **GH1150**

**Q150:** इस अवतरण में दूध और पानी की तरह घुलने-मिलने की बात किसके लिए कही गयी है ?

**A** पहले से बसी और बाद में आने वाली जातियों के लिए

**B** आर्य और अनार्यों के लिए

**C** सीमांत पर बसी जातियों के लिए

**D** आर्य और द्रविड़ों के लिए।